# C589

Total Pages : 7 Roll No. ......................

# MCOM-03

## Financial and Corporate Accounting

## वित्तीय एवं निगम लेखांकन

Master of Commerce (M.Com.-10/16)

1st Year Examination, 2022 (June)

**Time : 2 Hours]** **Max. Marks : 80**

**Note :** This paper is of Eighty (80) marks divided into two (02) Sections A and B. Attempt the questions contained in these sections according to the detailed instructions given therein.

**नोट :** यह प्रश्नपत्र अस्सी (80) अंकों का है जो दो (02) खण्डों क तथा ख में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों को हल करना है।

### SECTION–A/( खण्ड-क )

### (Long Answer Type Questions)/( दीर्घ उत्तरों वाले प्रश्न )

**Note :** Section 'A' contains Five (05) long answer type questions of Twenty (20) marks each. Learners are required to answer any Two (02) questions only.

(2×20=40)

**नोट :** खण्ड 'क' में पाँच (05) दीर्घ उत्तरों वाले प्रश्न दिये गये हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए बीस (20) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल दो (02) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

**1.** Explain various concept and convention of accounting. Also discuss how they exert influence on financial statements.

लेखांकन की विभिन्न अवधारणाओं एवं परम्पराओं की व्याख्या कीजिए। यह भी बताइए कि वे वित्तीय विवरणों पर कैसे प्रभाव डालते हैं?

**2.** What is computerized accounting? What is importance of computerized accounting? Discuss the merits and demerits of customized accounting software.

कम्प्यूटरकृत लेखांकन क्या है? कम्प्यूटरकृत लेखांकन का क्या महत्त्व है? विशेष रूप से निर्मित लेखांकन सॉफ्टवेयर के गुण–दोषों की व्याख्या कीजिए।

**3.** What is meant by "Social Responsibility"? What areas are included in it? You are required to answer in the context of a business and also discuss the importance of Social Responsibility in business.

''सामजिक उत्तरदायित्व'' से क्या तात्पर्य है? इसके अन्तर्गत किन क्षेत्रों का समावेश किया जाता है? एक व्यवसाय के संदर्भ में अपना उत्तर दीजिए तथा सामाजिक उत्तरदायित्व का व्यवसाय में महत्त्व भी बताइए।

**4.** What do you mean by debenture? Distinguish between share and debenture.

ऋणपत्र से क्या तात्पर्य है? अंश एवं ऋणपत्र में अन्तर स्पष्ट कीजिए तथा ऋणपत्रों के विभिन्न प्रकारों को बताइए।

**5.** Mirza Ltd. issued a prospectus for the issue of 20,000 shares of Rs. 10 each at a premium of Rs. 2 per share, payable as Rs. 2 on application, Rs. 5 (including premium) on allotment, Rs. 3 on first call and Rs. 2 on final call. Applications were received for 30,000 shares and allotment was made pro-rate to the application of 24,000 shares, the remaining applications being refused. Excess money on application was utilized on account of sums due on allotment. Ajay to whom 400 shares were allotted, failed to pay allotment money and on his subsequent failure to pay the first call, his shares were forfeited. Rajesh, the holder of 600 could not pay both of his call money. His shares were also forfeited. All forfeited shares were reissued to Riya as fully paid for Rs. 9 per share. Give journal entries, and prepare cash book in the company and show these items in the balance sheet of the company.

मिर्जा लिमिटेड ने 10 रुपये वाले 20,000 अंशों को 2 रुपये प्रीमियम पर निर्गमित करने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये। जो निम्न प्रकार देय थे:

आवेदन पर 2 रुपये, आबंटन पर 5 रुपये (प्रीमियम सहित), 3 रुपये प्रथम याचना पर, तथा 2 रुपये अंतिम याचना पर। 30,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए। 24,000 अंशों के आवेदकों को यथानुपात में आबंटन कर दिया गया, शेष आवेदन

पत्र वापस कर दिए गए। आवेदन पत्र के साथ प्राप्त अतिरिक्त ध न का आबंटन पर देय राशि में प्रयोग कर लिया गया। अजय जिसको 400 अंश आबंटित किए गए थे, आबंटन राशि का भुगतान करने में असमर्थ रहा तथा उसके प्रथम मांग का भी भुगतान न करने पर उसके अंश जब्त कर लिये गये।

राजेश जो 600 अंशों का धारक है, दोनों मांगों का भुगतान करने में असमर्थ रहा और उसके अंश भी जब्त कर लिए गए। ये सभी अंश रिया को 9 रुपये प्रति अंश के हिसाब से पूर्ण प्रदत्त मानकर पुनः निर्गमित कर दिए गए। कम्पनी की पुस्तकों में जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए, बैंक खाता बनाइए, तथा चिट्ठे में समस्त मदों को प्रदर्शित कीजिए।

## SECTION–B/( खण्ड-ख )

## (Short Answer Type Questions)/( लघु उत्तरों वाले प्रश्न )

**Note :** Section 'B' contains Eight (08) short answer type questions of Ten (10) marks each. Learners are required to answer any Four (04) questions only. (4×10=40)

**नोट :** खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरों वाले प्रश्न दिये गये हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए दस (10) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल चार (04) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

**1.** What do you mean by accounting? Explain accounting cycle in detail.

लेखांकन से क्या अभिप्राय है? लेखांकन चक्र की विस्तार से व्याख्या कीजिए।

**2.** What do you mean by Redemption of Preference Shares? What are sources for redemption of preference shares?

पूर्वाधिकार अंशों के हरण से आप क्या समझते हैं? पूर्वाधिकार अंशों के शोधन के विभिन्न स्रोत कौन से हैं?

**3.** What do you mean by final account? Explain the provisions of Company Act, 2013 regarding preparing final account.

अंतिम खातों से आपका क्या तात्पर्य है? एक कम्पनी के अंतिम खाते बनाने सम्बन्धित कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों का वर्णन कीजिए।

**4.** What do you mean by amalgamation? Explain the main points of Standard 14 related to amalgamation.

कम्पनी के एकीकरण से आपका तात्पर्य है? एकीकरण सम्बन्धी मानक 14 के मुख्य बिन्दुओं की व्याख्या कीजिए।

**5.** Construct accounting equation on the basic of following transaction :

(a) Mr. X commenced business with cash Rs. 2,00,000.

(b) He purchased goods for cash Rs. 50,000 and on credit from Rajesh for Rs. 40,000.

(c) He sold goods of Rs 80,000 at 10% cash discount.

(d) He paid wages Rs. 5,000

(e) He paid Rs. 10,000 to Rajesh.

(f) He bought machinery for Rs.40,000.

(g) Paid salary to Accountant Rs. 10,000.

(h) Wages Paid Rs. 4,000.

(i) He withdraw goods for his personal use of Rs. 2,000

(j) He paid to Rajesh for full settlement of his account Rs. 29,000

निम्नलिखित व्यवहारों के आधार पर लेखांकन समीकरण बनाइए:

(क) मि. एक्स ने 2,00,000 रुपये नकद से व्यापार प्रारम्भ किया।

(ख) उसने 50,000 रुपये का नकद माल खरीदा तथा राजेश से 40,000 रुपये का उधार माल खरीदा।

(ग) उसने 80,000 रुपये का माल 10% नकद बट्टे पर बेचा।

(घ) उसने 5,000 रुपये की मजदूरी का भुगतान किया।

(ङ) उसने 10,000 रुपये राजेश को भुगतान किए।

(च) उसने 40,000 रुपये की मशीनरी खदी।

(छ) उसने अपने लेखाकार को 10,000 रुपये वेतन भुगतान किया।

(ज) 4,000 रुपये मजदूरी का भुगतान किया।

(झ) उसने 2,000 रुपये की वस्तुएं अपने निजी प्रयोग के लिए आहरित किए।

(ञ) उसने राजेश को उसके खाते के पूर्ण भुगतान के रूप में 29,000 रुपये दिए।

**6.** What is General Insurance? Prepare an artificial Balance Sheet of a General Insurance Company.

सामान्य बीमा किसे कहते हैं? एक सामान्य बीमा कम्पनी का काल्पनिक चिट्ठा तैयार कीजिए।

**7.** Explain the general structure of financial administration in India.

भारत में वित्तीय प्रशासन के सामान्य ढाँचे की व्याख्या कीजिए।

**8.** What do you mean by environmental accounting? What are the problems of environmental accounting? Give necessary suggestions to cope up with these problems.

पर्यावरण लेखांकन से आपका क्या तात्पर्य है? पर्यावरण लेखांकन की क्या समस्याएँ हैं? समस्याओं के निवारण हेतु आवश्यक सुझाव दीजिए।